मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-303
06/06/2020

मुख्यमंत्री ने बिहार सरकार की नई कॉमन इंटीग्रेटेड वेबसाईट(state.bihar.gov.in)का किया लोकार्पण

पटना 06 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने रिमोट के माध्यम से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा बनाई गई बिहार सरकार की नई कॉमन इंटीग्रेटेड वेबसाईट **(state.bihar.gov.in)** का लोकार्पण किया।

इस वेबसाईट पर सभी विभागों की सूचनाओं को एक ही प्लेटफार्म पर देखा जा सकेगा। सभी विभागों की सूचनाओं का अपडेशन इस प्लेटफार्म से किया जा सकेगा। सभी विभागों के आई0टी0 मैनेजर एवं नोडल पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया गया है। सूचनाओं का अपडेशन सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग एवं संबंधित विभाग दोनों के द्वारा किया जा सकेगा। यह एक डायनमिक वेबसाइट है। विभागों द्वारा अपने स्तर से अपडेशन किये जाने के कारण अन्य किसी पर किसी प्रकार की निर्भरता नहीं रहेगी। इस इंटीग्रेटेड कॉमन वेबसाइट को आज गो लाइव किया जा रहा है। विभागों के द्वारा अन्य जो भी सुझाव दिये जायेंगे उनके आधार पर इसे कस्टमाइज करके इसमें सुधार करने की सुविधा है।

मुख्यमंत्री ने वेबसाईट के लोकार्पण के पश्चात कहा कि सभी सूचनाएं एक जगह एकत्रित होने से लोगों को जानकारी मिलने में सुविधा होगी। सभी विभागों के कार्यकलापों की अद्यतन जानकारी, सूचनाएं एक साथ मिल सकेंगी। इस पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग इस वेबसाइट का उपयोग करें एवं अपने विभाग से संबंधित सूचनाओं को इस पर नियमित रूप से अपडेट करें।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री उदय सिंह कुमावत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग श्री प्रदीप कुमार झा एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******